**लापरवाही** नियमों की धज्जियां उड़ा रहे चालक-हेल्पर

# हमें नहीं है किसी का डर, कचरे का ऐसे ही करेंगे परिवहन

**सड़क पर नियमों की अवहेलना करते नजर आ रहे कचरे से लोड ट्रक**

**नवभारत, जबलपुर।** नियमों की धज्जियां कैसे सड़क पर उड़ाई जाती हैं इसकी बानगी नगर निगम के कचरा वाहन चालक इन दिनों आए-दिन शहर की सड़कों पर पेश करते नजर आ रहे हैं। सड़ांध मारता हुआ कचरा, तेज रफ्तार से भाग रहा ट्रक और उसके पीछे चल रहे वाहन चालक ट्रक को कोसते हुए नजर आए....

पूरा नजारा त्रिपुरी चौक का है जहां कचरे से लोड नगर निगम के ट्रक क्रमांक एमपी 20 जी 6948 का चालक तेज रफ्तार से कचरा उड़ाते हुए कचरा प्लांट जा रहा था।




इसी बीच जागरूक शहरवासियों ने ट्रक की तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड की और नगर निगम प्रशासन के आला अधिकारियों से मांग की कि इस तरह नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### कभी नहीं होती चिह्नित कर कार्रवाई

जानकारी के अनुसार नियमों की मानें तो कचरा वाहन चालक को सूखा कचरा और गीला कचरा अलग-अलग हिस्सों में वाहन में लोड करके पॉलिथिन से पैक करना चाहिए और उसके बाद उसका परिवहन करना चाहिए लेकिन नियमों की धज्जियां अधिकांश कचरा वाहन चालक उड़ाते नजर आए हैं जिसकी मुख्य वजह ये है कि नगर निगम के आला अधिकारियों द्वारा ऐसे कई वाहन चालकों को आज तक कभी चिह्नित करके उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की। जानकारों का कहना है कि अगर कार्रवाई होती तो कचरा वाहन चालकों के मन में निगम प्रशासन की कार्रवाई का डर होता और वे ऐसे खुले में कचरा का परिवहन नहीं करते नजर आते।

### ग्रीन नेट से ढंककर परिवहन के निर्देश

जानकारी के अनुसार नगर निगम के नए कचरा वाहनों में कवर लगे हुए हैं और कुछ पुराने वाहनों में कवर नहीं है। पुराने वाहन चालकों को निगम प्रशासन की ओर से ग्रीन नेट दी जाती है और निर्देश दिए जाते हैं कि वे कचरे को ग्रीन नेट से ढंककर कचरे का परिवहन करें। लेकिन जमीनी हकीकत जब सामने आती है तो उसमें नियमों की अवहेलना ही नजर आती है।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा ग्रीन नेट से और पॉलिथिन से कचरा कवर कर परिवहन करने के निर्देश चालक को दिए जाते हैं। लापरवाही करने पर कुछ चालक और हैल्पर को हटाया भी गया है। अगर कोई शिकायत सामने आती है तो उस पर कार्रवाई जरूर की जाएगी।

**अंकिता बर्मन**
**स्वास्थ्य अधिकारी, ननि जबलपुर**

# अफगानियों को दमोह समेत कई ठिकानों पर ले गई एटीएस

**पासपोर्ट कार्यालय, होटल में टीम ने की तफ्तीश**

**नवभारत, जबलपुर।** फर्जी भारतीय पासपोर्ट से जुड़े मामले में एटीएस ने पांच और अफगानियों को गिरफ्तार करने के साथ 25 फरवरी तक रिमांड में लिया है। रिमांड के दौरान पांचों आरोपियों को एटीएस दमोह स्थित पासपोर्ट कार्यालय ले गई जहां छानबीन की गई इसके अलावा एक होटल में भी टीम आरोपियों को लेकर पहुंची जहां वे ठहरे हुए थे। इसके अलावा फर्जी दस्तावेज जहां से बनाये गए वहां पर भी उन्हें ले जाया गया।

विदित हो कि एटीएस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाकर अवैध रूप से जबलपुर में रह रहे घुसपैठियों पर 31 जुलाई 2025 में एक्शन लेते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया था अफगानी नागरिक सोहबत खान पिता बदरुद्दीन खान को गिरफ्तार किया था। जांच में एटीएस को 20 अफगानी युवकों की जानकारी मिली थी। इसके बाद एटीएस ने अफगानी नागरिक मोहम्मद अकबर, इकबाल पिता असलम खान समेत मददगार चंदन सिंह ठाकुर पिता अमर सिंह ठाकुर समेत दिनेश गर्ग पिता श्रवण कुमार गर्ग, महेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दिनेश गर्ग और फर्जी अधिवक्ता चंदन सिंह की जाली दस्तावेजों को बनवाने से लेकर पासपोर्ट बनवाने में अहम भूमिका थी। मामले की जांच पड़ताल के बाद एटीएस ने जांच का दायरा बढ़ाया जिसके बाद कोलकाता में दबिश देकर जाली पासपोर्ट बनवाने वाले रजा खान, सुल्तान, जिया उल रहमान, सैयद मोहम्मद, जफर खान को गिरफ्तार शहर लाया गया है। जिन्हें 25 फरवरी तक रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### कई और रडार में

सूत्रों के मुताबिक इस फर्जीवाड़े स जुड़े नए कई और रडार में आ गए है। फर्जी दस्तावेज बनवाने से लेकर पुलिस वेरिफिकेशन करवाने और पोस्ट ऑफिस से पासपोर्ट हासिल करवाने से लेकर अफगानियों की मदद करने वालों की एटीएस पूरा ब्यौरा तैयार कर रही है। कई बिन्दुओं पर जांच पड़ताल चल रही है।

### दमोह पासपोर्ट कार्यालय संदेह के दायरे में

सूत्रों की माने तो दमोह पासपोर्ट कार्यालय संदेह के दायरे में आ गया है। बताया जाता है कि अफगानियों के फर्जी पासपोर्ट दमोह कार्यालय से ही बने थे। पूर्व में पकड़े गए चंदन, दिनेश, महेन्द्र पांचों अफगानियों को दमोह फोरव्हीलर से पासपोर्ट कार्यालय ले गए थे जहां उनके जाली पासपोर्ट बने। एटीएस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है, पूर्व में बने पासपोर्ट को लेकर भी छानबीन की जा रही है। शंका है कि कई और भी जाली पासपोर्ट दमोह से ही बने है इसमें कुछ अन्य की मिलीभगत की भी जानकारी एटीएस को मिली है जिसकी जांच जारी है।

### होटल में ठहरे, फर्जी दस्तावेज बनवाये

आरोपित होटल में भी ठहरे थे। इस दौरान उन्होंने फर्जी दस्तावेज भी बनवाये थे एटीएस उन्हें होटल से लेकर पासपोर्ट कार्यालय तक ले गई थी। जहां लंबी छानबीन के साथ जांच पड़ताल हुई।

# सीजे की प्रेरणादायी पहल कर्मियों के लिये वरदान

**मध्यस्थता सत्र में 14 प्रकरणों का हुआ निराकरण**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की दूरदर्शी एवं प्रेरणादायी पहल के अंतर्गत जिला न्यायपालिका तथा उच्च न्यायालय के कर्मचारियों के सेवा-संबंधी विवादों के सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित समाधान हेतु प्रारंभ की गई मध्यस्थता प्रक्रिया निरंतर प्रभावी परिणाम दे रही है। जिसके तहत मंगलवार को 22 में से 14 प्रकरणों का सहमति व समन्वय के आधार पर सफलता पूर्वक निराकरण किया गया।



प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की अध्यक्षता में न्यायालय के नियमित कार्य समय के पश्चात उच्च न्यायालय जबलपुर के साउथ हॉल में विशेष मध्यस्थता सत्र न्यायालय समय पश्चात आयोजित किया गया था, ताकि नियमित न्यायिक कार्य प्रभावित न हों और कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो सके। इस सत्र की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि विभिन्न जिलों में पदस्थ कर्मचारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता कर अपने प्रकरणों का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया। तकनीकसक्षम इस प्रक्रिया ने भौगोलिक दूरी की बाधाओं को समाप्त करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ कर्मचारियों को भी समान अवसर प्रदान किया।

जस्टिस विवेक रूसिया ने कहा कि मुख्य न्यायमूर्ति के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल से कर्मचारियों को त्वरित, किफायती एवं संतोषजनक समाधान प्राप्त हो रहा है, जिससे न्यायालयीन वातावरण में विश्वास एवं सौहार्द की भावना सुदृढ़ हो रही है।

## आज डुमना आयेंगे राज्यपाल पटेल

**नवभारत, जबलपुर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आज बुधवार की सुबह 10.20 बजे भोपाल से हेलीकॉप्टर द्वारा संक्षिप्त प्रवास पर डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। राज्यपाल श्री पटेल डुमना एयरपोर्ट से सुबह 10.35 बजे शहडोल जिले के जमुई हेलीपेड के लिये प्रस्थान करेंगे तथा शहडोल, मऊगंज एवं सीधी जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद गुरुवार 26 फरवरी को दोपहर 2.30 बजे सीधी जिले के परसिली से वापस डुमना एयरपोर्ट आकर दोपहर 2.45 बजे भोपाल रवाना होंगे।

# नर्मदा प्रसादम्-परिषद हॉल के निर्माण के टेंडर जल्द होंगे : निगमायुक्त

**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने मंगलवार को विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की सुंदरता और जनसुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं को दिये गए समय सीमा में पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने दो महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स नर्मदा प्रसादम और परिषद हॉल के निर्माण को लेकर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में बताया कि इन प्रोजेक्ट्स के लिए टेंडर जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाये, जिससे कार्यों में गति आ सके। समीक्षा बैठक में शहर को व्यवस्थित करने के लिए निगमायुक्त ने अमृत योजना और अन्य जल प्रदायों के कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि गर्मियों से पहले सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। मुख्य चौराहों और डिवाइडरों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ शहर की लाइटिंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने के साथ-साथ शहर के सभी प्रवेश मार्गों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।



### सफाई व्यवस्था पर भी फोकस

समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था को भी और प्रभावी बनाने और सभी सफाई ठेकेदारों, अधिकारियों को सुबह 2 घंटे भ्रमण कर सफाई कराने के निर्देश दिये। बैठक में निगमायुक्त ने निगम के राजस्व को बढ़ाने के लिए वसूली अभियान को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया तथा राजस्व अमले को वसूली अभियान को और सख्ती के साथ करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण यंत्री, सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# स्टोर में महिला से बदसलूकी, बिना वजह चेंजिंग रूम में ले जाकर ली तलाशी

**कर्मचारियों की दबंगई, ग्राहक के साथ अभद्रता, आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाई, थाने में शिकायत**

**नवभारत, जबलपुर।** समदड़िया मॉल स्थित रिलायंस ट्रेंड्स स्टोर में कर्मचारियों की दबंगई देखने मिली। एक महिला ग्राहक के साथ अभद्रता बदसलूकी कर जबरन तलाशी लेकर। आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाई। पीड़ित महिला ने ओमती थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी अनुसार नेपियर टाउन निवासी नीतू अग्रवाल ने ओमती पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे बीती रात सिविक सेंटर स्थित समदड़िया मॉल के रिलायंस स्टोर में कपड़े खरीदने गई थीं। खरीदारी के दौरान कुछ पसंद न आने पर जब वे स्टोर से बाहर निकलने लगीं, तो गेट पर लगा सिक्योरिटी अलार्म बज उठा। महिला का आरोप है कि अलार्म बजते ही वहां मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें रोक लिया और तलाशी की बात कही। पीड़िता के अनुसार उन्होंने पूरा सहयोग किया और अपने बैग की जांच कराई, जिसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके बावजूद कर्मचारी उन्हें जबरन चेंजिंग रूम के अंदर ले गए और उनकी पूरी तलाशी ली गई। इस दौरान भी उनके पास से कोई चोरी की वस्तु बरामद नहीं हुई।



### जो करना है कर लो, कुछ नहीं बिगाड़ सकती

पीड़िता ने जब अलार्म के खराब होने की शिकायत की और अपमानजनक व्यवहार पर आपत्ति जताई, तो स्टोर स्टाफ और अधिकारियों ने माफी मांगने के बजाय बदतमीजी की। महिला ने पुलिस में शिकायत की बात कही, तो कर्मचारियों ने गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाया और कहा, जो बन सके कर लो, तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। इस घटना से आहत होकर नीलू अग्रवाल ने ओमती थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## जनसुनवाई में आये 126 आवेदन

नवभारत, जबलपुर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 126 आवेदन दिये। जिसमें 98 नये आवेदन हैं तथा 28 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर छात्रवृत्ति, अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जे, बीपीएल कार्ड, पात्रता पर्ची, आधार कार्ड बनवाने, नाली सफाई, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, आर्थिक सहायता, लड़ाई-झगड़ा, समग्र आईडी, नामांतरण की नकल आदि से संबंधित आवेदन थे। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर नाथूराम गौड सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

# नर्सिंग छात्र ने झांसा देकर महिला के खाते से उड़ाए 10 लाख

**इलाज के नाम पर ब्लैंक चेक लेकर की धोखाधड़ी**

**नवभारत, जबलपुर।** विजय नगर थाना अंतर्गत 90 क्वार्टर इलाके में एक महिला के साथ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। आरोपी खुद को नर्सिंग का छात्र बताकर महिला के घर में बतौर किराएदार रह रहा था, उसने इलाज के नाम पर विश्वास जीता और बैंक खाते से बड़ी रकम पार कर दी। पुलिस के मुताबिक 90 क्वार्टर निवासी पीड़िता गीता बेन (48) के अनुसार वर्ष 2022 में उनकी सास को पैरालिसिस होने पर उनकी मुलाकात अमित कुशवाहा से हुई थी। अमित ने उनकी सास का इलाज शुरू किया और घर आना-जाना शुरू कर दिया। बाद में वह उनके घर में किराएदार के रूप में रहने लगा। दिसंबर 2022 में गीता बेन के पति की बीमारी के दौरान भी अमित ने ही उनका इलाज कराने का जिम्मा लिया। इलाज के बहाने वह समय-समय पर पीड़िता से पैसे लेता रहा।

### ब्लैंक चेक का किया गलत इस्तेमाल

पीड़िता ने बताया कि 14 दिसंबर 2022 को उनके पति के निधन के बाद अमित ने अस्पताल का 30 हजार रुपये का बिल बकाया होने की बात कही। पीड़िता के पास पैसे न होने पर आरोपी ने बिल भरने का झांसा देकर उनसे एक ब्लैंक चेक (हस्ताक्षरित) ले लिया।

### खाते का स्टेटमेंट निकलवाने पर खुलासा

धोखाधड़ी का पता तब चला जब पीड़िता ने अपने खाते का स्टेटमेंट निकलवाया। रिकॉर्ड के अनुसार अमित कुशवाहा ने चेक के माध्यम से 10 लाख रुपये शैलेंद्र सिंह नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। इसके अलावा, आरोपी ने अपनी मां के इलाज के नाम पर भी पीड़िता से 20 हजार रुपये ऐंठ लिए थे। जब पीड़िता ने अमित से अपने 10 लाख रुपये वापस मांगे, तो उसने पहले राशि की एफडी कराने का झूठ बोला। बार-बार पैसे मांगने पर आरोपी अब पीड़िता को धमका रहा है और राशि लौटाने से साफ इनकार कर दिया है।

# फाइल पेडेंसी, पुराने प्रकरणों के निराकरण में आई तेजी

**नवागत आरटीओ के पदभार संभालते ही युद्धस्तर पर शुरू हुआ काम**

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के तहत हुए तबादलों में नर्मदापुरम की आरटीओ श्रीमती रिंकू शर्मा को जबलपुर संभागीय मुख्यालय स्थित आरटीओ कार्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शुक्रवार को पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने लंबित मामलों के निराकरण की दिशा में तेज कार्रवाई शुरू कर दी है। विगत तीन माह से लंबित पड़ी फाइलों में तेजी लाई गई है, वहीं वर्षों से चल रहे पुराने प्रकरणों का भी प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है। बस ऑपरेटरों और वाहन स्वामियों की दावा-आपत्तियों का निराकरण न्यायालय से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है, जिससे दोनों पक्षों में सहमति बन रही है।



### दिसंबर से कार्य में पड़ रहा था प्रभाव

गौरतलब है कि पूर्व आरटीओ जितेंद्र रघुवंशी के नवंबर में सेवानिवृत्त होने के बाद छतरपुर की आरटीओ मधु सिंह को जबलपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।अतिरिक्त प्रभार के चलते नियमित उपस्थिति नहीं हो पा रही थी, जिससे आवेदकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा और पेंडेंसी बढ़ गई थी। नई नियुक्ति के बाद अब कार्यालय में नियमित व्यवस्था बहाल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बदमाश ने दो घरों में बमबाजी कर फैलाई दहशत

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत सरकारी कुआं इलाके में देर रात्रि बदमाश ने दो घरों में बमबाजी करते हुए दहशतगर्दी फैलाई। गनीमत रही कि हमले में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर के सामान को नुकसान पहुंचा है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार श्रीमती अंजू राजपूत (35) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 11:45 बजे वह अपने परिवार के साथ सो रही थीं तभी अचानक घर के अंदर बम फटने की जोरदार आवाज आई। जागकर देखने पर पता चला कि बम के धमाके से दरवाजे का पर्दा जल गया है और दीवार पर लगी फोटो फ्रेम टूट गई है। पीड़िता जब परिवार के साथ घर के बाहर निकलीं, तो उन्होंने देखा कि क्षेत्र का बदमाश अनुज गुप्ता उर्फ मेवा वहां मौजूद था। आरोपी ने अंजू की जेठानी के मकान पर भी एक बम फेंका। जब अंजू ने इसका विरोध किया, तो आरोपी गाली-गलौज पर उतारू हो गया और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पुलिस ने अनुज गुप्ता के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम समेत अन्य धाराओं क तहत प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस फिलहाल फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।



**मनमानी** बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट के फर्राटा दौड़ाई बाइक

# दो-दो साइलेंसर लगाकर छात्र ने सड़क पर दिखाई हवा बाजी



**नवभारत, जबलपुर।** शहर में मॉडिफाइड साइलेंसर और नाबालिग छात्रों द्वारा वाहन चलाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। रानीताल चौराहे से मालवीय चौक के बीच एक छात्र स्कूल/कॉलेज यूनिफॉर्म में तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए नजर आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह सड़क पर 'हवा बाजी' करते हुए अन्य वाहनों को भी जोखिम में डाल रहा था।

### दो साइलेंसर और दोनों इंडिकेटर ऑन

बताया जा रहा है कि बाइक में दो साइलेंसर लगे हुए थे और दोनों इंडिकेटर एक साथ जल रहे थे। छात्र ने हेलमेट भी नहीं पहना था। तेज आवाज और लापरवाही भरे अंदाज में बाइक चलाने से आसपास के लोग और राहगीर दहशत में आ गए। इसके अलावा मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज से लोग सहम से गए, लेकिन छात्र को इससे कोई मतलब नहीं था, वह अपनी ही धुन में हवाबाज़ी के साथ अपनी बाइक स्टंट भरे अंदाज में चलाए जा रहा था।

### नंबर प्लेट गायब, पहचान मुश्किल

हैरानी की बात है कि उस बाइक पर वैध नंबर प्लेट की जगह केवल दो अंग्रेजी अक्षर लिखे हुए थे, जिससे वाहन स्वामी की पहचान करना मुश्किल हो रहा है। इस तरह की हरकतें करने वाले शहर में कई नाबालिग छात्र और बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले युवक सड़कों पर बेखौफ वाहन चलाते दिखाई दे रहे हैं। कई मामलों में अभिभावक ही बच्चों को वाहन सौंप देते हैं, जबकि उन्हें नियमों और सुरक्षा की जानकारी तक नहीं होती।

### पुलिस की कार्यवाही का नहीं दिख रहा असर

यातायात पुलिस और थानों द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और चालान भी काटे जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद ऐसे मामलों में कमी नहीं आ रही है। शहरवासियों ने मांग की है कि मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना नंबर प्लेट और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी और प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि सड़कों पर अनुशासन और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# साढ़े छह घंटे चली सर्चिंग, नहीं मिला नहर में डूबे युवक का शव

**नवभारत, जबलपुर।** चरगवाँ थाना अंतर्गत बरखेड़ा स्थित नहर में डूबे युवक की तलाश में मंगलवार को भी सर्चिंग की गई। सुबह से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन देर शाम तक चला। करीब साढ़े छह: घंटे की तलाश के बाद भी युवक का कहीं कोई सुराग नहीं लगा। अंधेरा हो जाने से रेस्क्यू बंद कर दिया गया। आज पुन: युवक की तलाश कराई जायेगी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सेमरा निवासी सचिन मेहरा (30) सोमवार सुबह करीब 9 बजे मोटरसाइकिल से गांव के पास बरखेड़ा स्थित नहर पर नहाने गया था। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटा, तो दोपहर करीब 12 बजे उसकी तलाश शुरू की गई थी परिजन नहर पहुंचे तो सीढ़ियों के पास मेढ़ पर सचिन के कपड़े और एटीएम कार्ड रखा हुआ मिला था वहीं पास ही उसकी मोटरसाइकिल भी खड़ी थी। आसपास तलाश करने पर जब सचिन का पता नहीं चला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। चरगवाँ पुलिस ने गुम इंसान का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को सुबह 9:30 बजे से शाम करीब 5 बजे तक गोताखोरों की मदद से तलाश कराई गई लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। नहर को भी बंद कर दिया गया है।




